हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 26.6 डिग्री
न्यूनतम 9.7 डिग्री

अंबाला सदर नप चुनाव में मतदाताओं का उत्साह कमजोर 12



परीक्षाओं में नहीं होनी चाहिए कोई लापरवाही 12



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**समालखा।** समालखा बस स्टैंड के सामने कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र निवासी समालखा की मौत हो गई। जबकि इसका रिश्तेदार सतपाल निवासी गन्नौर जिला सोनीपत घायल हो गया। सतपाल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जबकि थाना समालखा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और सतपाल की शिकायत पर कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राहगीरों से लूटपाट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने मारपीट कर राहगीरों को लूटने वाले गिरोह के और तीन आरोपियों राजा निवासी बलजीत नगर व अब्दुल रहमान अंसारी व मोनिस उर्फ लंबू निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने इनके पांच साथियों सोहेल उर्फ रियाज, साहिल, अनस उर्फ पंपा, सुहेल व चांद को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी, 8 डंडे व लूटे गए पैसों में से बचे 2500 रूपए व आधार कार्ड बरामद किया है।

### अवैध शराब की तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने 144 पव्वे जब्त कर एक आरोपी को भी काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रीतनगर निवासी आरोपी मुकेश शराब की तस्करी का कारोबार करता है। पुलिस ने रेड कर उसे काबू किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 144 पव्वे शराब जब्त की।

### नौकरानी पर 22 लाख के गहने चोरी का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के डिंपल सिनेमा के नजदीक एक घर से नौकरानी करीब 22 लाख के हीरे व सोने के आभूषण चोरी करके रफुचक्कर हो गई। घर की मालकीन जब शादी में जाने से पहले अलमारी में रखे गहनों की जांच करने लगी तो वह गायब मिले। पायल गोयल ने बताया कि उसने घर पर रखी अलमारी में सारे गहने रखे हुए थे। इस बीच हेमा बीमारी का बहाना बनाकर काम से छुट्टी लेने लगी। 10 फरवरी को उसे शादी में जाना था। इसलिए वह अपने गहने देखने लगी। मगर अलमारी से गहने गायब मिले।

## वृंदावन ट्रस्ट की चुलकाना धाम के लिए श्री श्याम ध्वज यात्रा रवाना

# श्री श्याम बाबा की ध्वज यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- श्री श्याम बाबा के जयकारों से गूंजा जीटी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वृंदावन ट्रस्ट पिछले एक दशक से भक्ति की अलख जगा रहा है। उक्त विचार पूर्व सांसद संजय भाटिया ने व्यक्त किए। संजय भाटिया ने कहा कि श्याम बाबा सबके काम निर्धारित करता है। वृंदावन ट्रस्ट की ड्यूटी श्याम बाबा ने श्याम भक्तों को जोडऩे के लिए लगा रखी है। मेरे लिए भी जो ड्यूटी श्याम बाबा ने लगाई है मैं उसे सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से पूर्ण करूंगा। उन्होंने कहा कि पानीपत जिले की पहचान अन्य मुख्य बिंदुओं के साथ-साथ श्याम बाबा के रूप में भी होने लगी है। वार्षिक यात्रा वृंदावन ट्रस्ट के माध्यम से शून्य से शिखर तक पहुंची है। इसके लिए वृंदावन ट्रस्ट बधाई का पात्र है। संजय भाटिया वृंदावन ट्रस्ट की श्री श्याम ध्वज यात्रा को चुलकाना धाम के लिए



**पानीपत।** वृंदावन ट्रस्ट की श्री श्याम बाबा की ध्वज यात्रा को रवाना करते पूर्व सांसद संजय भाटिया। *फोटो : हरिभूमि*

रवाना करते समय बोल रहे थे। यात्रा का शुभारंभ जीटी रोड गोहाना मोड से हुआ। समाजसेवी गौरव गोयल व गोपाल तायल द्वारा नारियल फोडक़र यात्रा का शुभारंभ किया गया। जबकि नितीन जैन ने झंडा उठाने की रस्म निभाई। यात्रा में 10 पड़ाव थे जिन पर अलग-अलग प्रकार के व्यंजन परोसे गए थे। महिलाएं, बच्चे व बुजुर्गों ने खूब नृत्य किया। जगह-जगह आकाश में गैस के गुब्बारे छोड़े गए। पानीपत से श्री चुलकाना धाम पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने श्री श्याम बाबा के दर्शन करने के बाद वृंदावन ट्रस्ट की नवनिर्मित धर्मशाला स्थल का दौरा करने गए। वृंदावन ट्रस्ट की ओर से बाबा का 11 किलो चांदी का ध्वज आज ही शिखर पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर राकेश बंसल, हरीश बंसल, विकास गोयल, नवीन गर्ग, आशीष गर्ग, दिनेश गर्ग, बलदेव गांधी, जोगिंदर कुंडू, वरुण सिंगला, राहुल गुप्ता, मुकेश गोयल, संजय शाल वाले, गोपाल तायल, गौरव गोयल, गोरस बंसल, नितिन जैन, कोमल सैनी, गजेंद्र सलूजा, सरोज व पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### फाल्गुन सतरंगी मेला शुरू

चुलकाना धाम के श्री श्याम बाबा का फाल्गुन मेला रविवार से शुरू हो गया। हालांकि मुख्य मेला नौ मार्च से 11 मार्च तक लगेगा। चुलकाना धाम में आज पानीपत, सोनीपत, समालखा, जींद, मेरठ, शामली, बागपत, करनाल व दिल्ली आदि से श्री श्याम बाबा की निशान यात्राएं चुलकाना धाम पहुंची। दिन भर चुलकाना धाम श्याम बाबा के जयकारों से गूंजता रहा।

### कन्याओं ने शंखनाद किया

11 कन्याओं द्वारा शंखनाद किया गया। श्याम बाबा का राजस्थान से मंगवाया हुआ ध्वज सर्वप्रथम फहराया गया। नवरत्नों की वर्षा ध्वज पर की गई। नितिन जैन, गोपाल तायल, एसपी बंसल, सुरेंद्र, रविंद्र जैन ने पूजन किया। वहीं, वृंदावन ट्रस्ट द्वारा घोषणा की गई कि हर गांव में हर कॉलोनी में वृंदावन ट्रस्ट का विस्तार किया जाएगा।

## दो दोस्तों पर चाकू व सरिये से हमला कर किया घायल

- दो युवकों को नामजद करते हुए आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की बुटर कॉलोनी में आधा दर्जन से अधिक युवकों ने रंजिश के चलते दो दोस्तों पर चाकू व सरियों से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार गांव कांसली निवासी गुलशन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले कांसापुर निवासी आशु और बुटर कॉलोनी निवासी नरपाल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। गुलशन ने बताया कि 28 फरवरी को वह अपने दोस्त प्रवीन कुमार के साथ बुटर विहार कॉलोनी में किसी काम से आया था। जहां पर आरोपी आशु व नरपाल ने रंजिश के चलते चाकू, सरिया व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों आशू व नरपाल को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक पर दागीं गोलियां

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के गांव सतगोली के पास बाइक पर सवार होकर तीन बदमाशों ने गांव डेरा हड़तान माजरी निवासी शेर सिंह पर गोलियां दाग दी। मगर गनीमत यह रही कि गोलियां उसे नहीं लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव डेरा हड़तान माजरी निवासी शेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर एक बजे अपनी कार में घर लौट रहा था। जब वह गांव सतगोली के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए। आरोपियों ने आते ही उस पर गालियां दाग दी। मगर वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी बाइक पर सवार होकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## अवैध खनन को लेकर अधिकारी अलर्ट

- औचक निरीक्षण के दौरान सामग्री से भरा वाहन किया सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से हरकत में है। इसको लेकर एसडीएम शाश्वत सांगवान के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीमों ने शनिवार देर रात्रि तक औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान खनन, आरटीए, पुलिस तथा इंफोर्समेंट विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि हरियाणा खनन एवं भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडूरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में उपमण्डल में भी लगातार खनन सम्बंधी गतिविधीयों पर पूर्ण अंकूश लगाने को लेकर औचक निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। औचक निरीक्षण की कार्रवाई शनिवार की रात्रि 11 बजे से लेकर रविवार की तडक़े 2 बजे तक जारी रही। इस दौरान इस टीम ने संगरानी, टोका, डेरा, शाहपुर, हमीदपुर आदि एक दर्जन से अधिक गांवों से होकर गुजरने वाली नदियों रूण, बेगना, मारकंडा का निरीक्षण किया गया। हालांकि इस दौरान अवैध खनन से कोई गतिविधी नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देष दिए गए हैं कि अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए निरंतर निगरानी रखे और जो भी वाहन बिना जरूरी दस्तावेज के खनन सामग्री से भरा मिले उसे जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। अवैध खनन पर्यावरण, राजस्व और सामाजिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसमें बिना किसी मान्यता या परमिट के खनिज सामग्री का अनधिकृत दोहन शामिल होता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और पर्यावरणीय क्षति होती है। आरटीए सुशील कुमार द्वारा शनिवार की देर रात्रि मुलाना हाइवे पर खनन सामग्री से भरे एक वाहन को सीज कर खनन विभाग के हवाले किया है। इस वाहन चालक के पास खनन सामग्री से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले थे।



**नारायणगढ़।** अवैध खनन को लेकर औचक निरीक्षण करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को होगा नुकसान

- तापमान की वजह से 2022 में कम हुई थी पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

क्षेत्र में हुई भारी बरसात व ओलावृष्टि ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया। कई जगहों पर गेहूं की व सरसो की फसल खराब होने से किसान पीड़ा में है। लेकिन अब मौसम विभाग की मार्च के महीने में तापमान के सामान्य से अधिक रहने की जताई गई संभावना ने किसानों की नींद उड़ा दी है। किसानों का मानना है कि यदि मार्च के महीने में अचानक गर्मी बढ़ी तो गेंहू की पैदावार पर असर पड़ना लाज़मी है। मौसम विभाग और कृषि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर तापमान समय से पहले अधिक बढ़ता है, तो गेहूं के दाने की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है और उत्पादन में गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग की माने तो मार्च में अधिक तापमान बढ़ने की काफी संभावना है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की फसल के लिए फरवरी और मार्च का मौसम बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान अगर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है तो दाने की भराव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है जिससे दाना हल्का और सिकुड़ा हुआ रह सकता है। इससे किसानों को उपज में कमी के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट का भी सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 3 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से फिर से मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। 4 मार्च से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी यानी मार्च महीने के पहले पखवाड़े में लगातार मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहेगा और दूसरे पखवाड़े में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना बन रही है। वर्ष 2022 में भी अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था।



**अंबाला।** गेहूं की लहलहाती फसल। *फोटो : हरिभूमि*

### गिरेगा उत्पादन

हमीदपुर गांव के पूर्व सरपंच और प्रगतिशील किसान जसबीर सिंह सिंह का कहना है कि /"मार्च में गर्मी अधिक बढ़ने से गेहूं की फसल जल्दी पक सकती है, जिससे दाने छोटे और कमजोर रह जाते हैं। इससे उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले भी मार्च में तापमान सामान्य से अधिक रहा था, जिससे गेहूं की पैदावार पर असर पड़ा था।

## दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी कट्टे के साथ काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए वन पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 18 गंदा नाला पुल के पास से सुमित उर्फ मोगली उर्फ सरकारी निवासी गांव गढ़ी सिकंदरपुर जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ विगत जनवरी माह में नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने का केस दर्ज थाना शहर में दर्ज है। इस मामले में भी आरोपी फरार चल रहा था। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गत वर्ष अगस्त में थाना सनौली पुलिस ने भी आरोपी सुमित उर्फ मोगली उर्फ सरकारी को अवैध हथियार के साथ पकडा था। जबकि वह दुष्कर्म के केस में भी फरार चल रहा था। आरोपी पर थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं कोर्ट से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि इसके सहयोगियों की जानकारी लेकर उन्हें भी पकडा जा सके।

## 202 ग्राम अफीम के साथ कार सवार पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने नशा तस्कर लखविंदर पुत्र सुरेंद्र निवासी मंडवाल कैथल हाल किरायेदार मुखिजा कॉलोनी को 202 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह स्वयं नशा करने का आदी है। आरोपी अपनी नशे की लत पूरी करने व पानीपत आस पास के क्षेत्र में नशा तस्करी कर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए करीब 20 दिन पहले कुरूक्षेत्र निवासी एक युवक से 800 ग्राम अफीम कम कीमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और इसके साथियों को पकडने के लिए आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।



**खबर संक्षेप**

### शादी का झांसा देकर दो युवतियों को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी में युवकों ने अलग-अलग स्थानों से शादी का झांसा देकर दो युवतियों को अगवा कर लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर-17 निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की 28 फरवरी को किसी काम से झंडा चौक जगाधरी में गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच के दौरान उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को मलिकपुर निवासी नरेंद्र शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उधर, गौरी शंकर कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की 27 फरवरी को रात का खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। जब वह रात को उठे तो उन्हें अपनी लड़की कमरे से गायब मिली। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को मुखर्जी पार्क निवासी कैफ शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### छात्रा सायना ने परीक्षा में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रादौर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें नौवीं कक्षा की छात्रा सायना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने बताया कि सायना ने प्रथम, रियांस ने द्वितीय व युविका, हेमान्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को किया नमन

**रादौर।** कांग्रेस पार्टी की ओर से रविवार को रादौर में भारत कोकिला एवं स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसी नेता सतीश दताना के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरोजनी नायडू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सतीश दताना ने कहा कि सरोजिनी नायडू एक महान स्वतंत्रता सेनानी थी। जिन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था। उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्टहित में कार्य करना चाहिए। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। वह एक महान लेखिका व स्वतंत्रता सेनानी थी।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर चुराई नकदी

**यमुनानगर।** शहर की यमना गली से चोरों घर के ताले तोड़कर साढ़े 14 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार यमना गली निवासी घनश्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 28 फरवरी को दोपहर दो बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। रात को आठ बजे जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर घर से साढ़े 14 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

## मतदान केंद्रों पर रहा सुरक्षा का कड़ा पहरा

# यमुनानगर, जगाधरी और रादौर में मतदान शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

**नगर निगम क्षेत्र व नगर पालिका रादौर क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों पर सुबह से शाम तक लगी रही मतदान करने के लिए मतदाताओं की लाइनें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मेयर व पार्षदों के चुनाव व नगर पालिका रादौर के अध्यक्ष व पार्षदों के चुनाव के लिए रविवार को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मतदान सुबह आठ बजे से लेकर शाम छह बजे तक हुआ। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के चुनाव के लिए निगम क्षेत्र में 348 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिन पर तीन लाख 55 हजार मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किया जाना था। मगर देर शाम तक मतदान जारी था। समाचार लिखे जाने तक करीब 55 फीसदी मतदान हो चुका था।

वहीं, रादौर नगर पालिका चुनाव के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान के दौरान दिन भर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रविवार सुबह आठ बजे जैसे ही मतदान शुरु हुआ तो मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ एकत्र होने लगी। हालांकि मतदान शुरु होने के दौरान कुछ देर के लिए मतदान केंद्रों पर भीड़ कम देखी गई। मगर जैसे जैसे दिन चढ़ता गया मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। आलम यह रहा कि मतदान शाम छह बजे समाप्त होना था। मतदाताओं की लंबी लंबी लाइनें लगी होने से मतदान की प्रक्रिया साढ़े छह से सात बजे तक चलती रही। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों के आस पास धारा 163 लागू रही।






**यमुनानगर।** मतदान करने के बाद मत चिन्ह दिखाते हुए भाजपा की मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी व मतदान केंद्र पर एक एक करके मतदाताओं को भीतर भेजते हुए पुलिस कर्मचारी व बुजुर्ग एवं बीमार महिला को मत डालने के लिए गोद में उठाकर ले जाते हुए परिजन। *फोटो : हरिभूमि*

### मतदान शांतिपूर्वक संपन्न होने पर दी बधाई

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम यमुनानगर जगाधरी चुनाव शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व निर्भिक ढंग से सम्पन्न होने के लिए मतदाताओं व जिलेवासियों का आभार प्रक्ट किया। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे तक जिन मतदान केन्द्रों पर जो भी मतदाता लाईन में रहे उन सभी मतदाताओं की वोट डलवाई गई। उन्होंने बताया कि सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी के लिए विडियो कैमरे लगाए गए थे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि चुनाव में लगभग दो हजार अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा सैक्टर मैजिस्ट्रेट तथा पुलिस के जवान, पीठासीन अधिकारी और पोलिंग अधिकारी तैनात रहे।



### प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मेयर पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे। जिनका भाग्य मतदान के बाद मतपेटियों में बंद हो गया। वहीं, निगम के 21 वार्डों के पार्षदों के लिए 86 पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बंद हो गया। जबकि वार्ड नौ से पहले ही भाजपा प्रत्याशी भावना बिट्टू विजेता घोषित की जा चुकी है।



**यमुनानगर।** ग्रीन पार्क में ग्रीन पार्क संगठन के सदस्य मतदान करके खुशी जताते हुए।

## ग्रीन पार्क संगठन ने किया इकट्ठे होकर मतदान

- **मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण नहीं कर पाए तीन परिवार मतदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ग्रीन पार्क कॉलोनी वैलफेयर एसोसिएशन व ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने एकजुट होकर लाल द्वारा मंदिर में बने मतदान केंद्रों पर अपने मत का प्रयोग किया। वहीं कालोनी के तीन परिवार अपने मत का प्रयोग वोटर लिस्ट में नाम न होने के कारण नहीं कर पाए। संगठन के सभी सदस्य रामपुरा कॉलोनी सरकारी स्कूल के पीछे स्थित मेहता चौक पर एकत्रित हुए और यहां से एकजुटता के साथ पार्क में पहुंचे और यहां से पार्क संगठन के सदस्यों के साथ लाल द्वारा मंदिर में बने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।

संगठन के प्रधान देवेन्द्र मेहता ने बताया कि संगठन का हमेशा प्रयास रहता है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसी उपलक्ष्य में समय.समय पर तिरंगा यात्राओं के माध्यम से मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने की अपील की जाती रही हैं। उन्होंने बताया कि आज भी इकट्ठे होकर मतदान करने जाने का उद्देश्य यही था कि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा ले और अपने मत का प्रयोग करें। इस दौरान कॉलोनी निवासी जन स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत उपमंडल अधिकारी एसपी सैनीए विकास नारंग एवं अलका व उनके परिवार के सदस्य अपने मत का इसलिए प्रयोग नहीं कर पाए की वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं था। इन लोगों ने बताया 27 जनवरी को उन्होंने अपनी वोट वार्ड नंबर 9 के 130 नंबर बूथ पर शिफ्ट करवाई थी। ऑनलाइन तो वोट शिफ्ट हो गई है। लेकिन लिस्ट में नाम नहीं था जिस कारण वह अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाए और उन्हें मतदान केंद्र पर जाकर मायूसी हुई। मौके पर विनोद सेठी, सुभाष दत्ता, अरुण आहूजा, हरीश गुलाटी, बलदेव पंवार, नरेश अग्रवाल, नरेश मेहता, स्वर्ण सिंह, ओमप्रकाश भाटिया, योगेश सचदेवा, दीपक सचदेवा, विकास नारंग, एसपी सैनी,नरेश नागपाल, ओम प्रकाश कपूर, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बच्चों का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी: कुमार

- **हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनिल कुमार ने बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, लेबर, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के सदस्यों को बैठक में दिए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** समिति कार्यालय में बाल संरक्षण में लगे विभागों के सदस्यों की बैठक का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए आयोग के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

बाल संरक्षण व अन्य पहलुओं पर कार्य कर रहे बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, लेबर, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के सदस्यों की बैठक समिति कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य अनिल कुमार ने भाग लिया। मौके पर महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर व आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने पौधारोपण भी किया। मुख्यातिथि अनिल कुमार ने बैठक में मौजूद सभी विभागों के सदस्यों से समन्वय बनाते हुए बच्चों के संरक्षण और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बाल श्रम मानवतस्करी शिक्षा स्वास्थ्य जैसे गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा की गई। आयोग सदस्य अनिल कुमार ने बतया की बच्चों के विषय पर गंभीरता से कार्य करने के लिए सभी विभागों को संवेदनशील हो कर कार्य करना होगा। पुलिस हेल्प लाइन 112 और चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के बारे में सभी को जानकरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनजान पर भरोसा बच्चों के लिए कई बार मुसीबत का कारण बन जाता है।

## फायर ब्रिगेड कर्मचारी दीवार पोस्टर अभियान चलाएंगे

- **चार मार्च को फायर अफसर को देंगे आंदोलन का नोटिस**
- **दमकल कर्मचारियों ने मुख्य दमकल केंद्र पर गेट मीटिंग कर तैयारियों पर किया विचार विमर्श**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दमकल कर्मचारियों ने रविवार को मुख्य दमकल केंद्र पर बैठक बुलाकर चार मार्च की गेट मीटिंग की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान गुलशन भारद्वाज ने की। बैठक को संबोधित करते हुए गुलशन भारद्वाज ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा तयशुदा कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिला के सभी दमकल कर्मचारियों ने कमर कस ली है। जिसके चलते चार मार्च को जिला के सभी मुख्य दमकल केंद्रों व उपदमकल केंद्रों के कर्मचारी दोपहर दो बजे मुख्य दमकल केंद्र पर गेट मीटिंग करके फायर स्टेशन ऑफिसर को आगामी आंदोलनों का नोटिस व अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के साथ साथ आम जनता तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए दीवार पोस्टर अभियान चलाया जाएगा। इन पोस्टरों को जिला के सभी दमकल केंद्रो, सरकारी दफ्तरों,बस अड्डो,रेलवे स्टेशन के अलावा सभी मुख्य चौक चौराहों पर चिपकाया जाएगा ताकि आम जनता को भी पता चले कि प्रदेश के दमकल विभाग में अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने वाले कच्चे दमकल कर्मचारियों का किस प्रकार शोषण किया जा रहा है।



**यमुनानगर।** दमकल केंद्र पर मांगों को लेकर दीवार पोस्टर अभियान की शुरूआत करते दमकल कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये है मुख्य मांगें

फायर विभाग को वापस निकाय विभाग मे शामिल किया जाए। योग्यता पूरी करने वाले पे-रोल व कौशल निगम दमकल कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर के पदो पर समायोजित किया जाए। 1327 पे-रोल फायरमैन व ड्राइवर व 212 कौशल निगम के कर्मचारियो को फायर ऑपरेटर के पदो पर 58 साल की जॉब सुरक्षा दी जाए। पांच हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता दिया जाए। पांच साल से फायर पे-रोल कर्मचारी का वेतन नहीं बढा एरियर सहित बढ़ा हुआ वेतन दिया जाए।

इन कर्मचारियों का पिछले चार साल से वेतन नहीं बढ़ाया गया है। इसी कड़ी में अपनी माँगो को लेकर कर्मचारी 18 मार्च को पंचकूला में निदेशक अग्निशमन के मुख्यालय पर मास डेपुटेशन प्रदर्शन करेंगे।

## वातावरण को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी

- **इंटरनेशनल जेट फिनाइल कैमिकल संस्थान द्वारा ममीदी में आयोजित किया शिविर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

इंटरनेशनल जेट फिनाइल कैमिकल संस्थान के तत्वावधान में ममीदी में रविवार को शिविर आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जेट फिनाइल कीटाणु नाशक तरल पदार्थ के गुणों से अवगत करवाया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने भाग लिया। इस दौरान शिविर में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं संस्थान के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने कहा कि जेट फिनाइल का प्रयोग करने से जहां कीटाणुओं का नाश होता है, वहीं, वातावरण स्वच्छ बनता है। उन्होंने दावा जताया कि जेट फिनाइल एक कीटाणुनाशक व सफाई करने वाला काला तरल पदार्थ ही नहीं है, बल्कि यह पशुओं के जख्मों को ठीक करने के लिए एक शक्तिशाली रामबाण औषधी है। उन्होंने बताया कि साधारणतया जो भी घर अस्पताल व होटलों में गंदगी होती है वह कीटाणुओं से होती है। जेट फिनाइल ऐसा कीटाणुनाशक है जो पांच सौ गुणा पानी मिलाकर प्रयोग करने पर टाइफाइड फैलाने वाली कीटाणुओं को भी समाप्त कर देता है। जेट फिनाइल से निरंतर प्रयोग करने से जानवरों को मुंहखुर की बीमारी से बचाया जा सकता है व घर में निरंतर प्रयोग से घर को कीटाणु रहित रखा जा सकता है।



**यमुनानगर।** ममीदी में आयोजित शिविर के दौरान फिनाइल के गुणों से अवगत करवाते हुए मुख्यातिथि एवं वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव।

### कीटाणुओं का नाश कर वातावरण को स्वच्छ बनाएं

मौके पर कंपनी के वित्त निदेशक अभिषेक ने बताया कि आम तौर पर लोग फिनाइल खरीदते वक्त यह ध्यान नहीं देते की उस पर फिनाइल लिखा भी है या नहीं। वह साधारणतया सफेद द्रव्य को फिनाइल समझ कर खरीद लेते हैं। जोकि टाइफाइड के कीटाणुओं को नहीं मार सकता। यही नहीं कुछ लोग खुशबूदार सफेद द्रव्य को फिनाइल समझकर खरीद लेते हैं और वह किसी भी प्रकार कीटाणुओं को समाप्त नहीं करता। मौके पर प्रबंध निदेशक सुशांत भार्गव ने बताया कि उनकी प्रयोगशाल में पिछले एक दशक से ज्यादा समय से जेट फिनाइल समेत विभिन्न प्रकार के कीटाणु नाशक पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। जिनके के प्रयोग से जहां पशुओं में के खूरों में आने वाली बीमारियों को ठीक किया जा सकता है, वहीं, घर, अस्पताल व अन्य स्थानों पर प्रयोग करने से कीटाणुओं का नाश कर वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है।

## जेएमआईटी टीम ने जीती ट्रॉफी

- **जेएमआईटी व जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में चल रही मुकंद क्रिकेट कप प्रतियोगिता का समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी व जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेजों के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान परिसर में चल रही दो दिवसीय मुकंद क्रिकेट कप प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में जेएमआईटी, जेएमआईईटीआई, मुकंदलाल नेशनलल कॉलेज रादौर व मुकंदलाल कॉलेज यमुनानगर समेत अन्य मुकंद शिक्षण संस्थाओं की क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर फाइनल मैच जेएमआईटी व मुकंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर की टीमों के बीच हुआ। जिसमें जेएमआईटी टीम रादौर की क्रिकेट टीम ने विजय प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। गत वर्ष भी जेएमआईटी की टीम ने ट्राफी पर कब्जा जमाया था। जेएमआईटी संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने विजेता टीम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में खेलो के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. गर्ग ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बड़ा ही महत्व है। इस अवसर पर जेएमआईटी के रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला, मुकंदलाल नेशनल कॉलेज से बबीता सूद, चंद्रमणी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी शिक्षण संस्थान रादौर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता बनी टीम खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए की अधिवक्ताओं की नियुक्ति

- **लीगल एंड रक्षा काउंसिल द्वारा गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए की अधिवक्ताओं की नियुक्ति**
- **काउंसिल के मुख्य कानूनी सहायता काउंसलर अश्वनी कुमार बत्रा ने दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लीगल एंड रक्षा काउंसिल द्वारा लोगों को गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति की है। उक्त जानकारी काउंसिल के मुख्य कानूनी सहायता काउंसलर अश्वनी कुमार बत्रा ने दी है। काउंसिल के मुख्य कानूनी सहायता काउंसलर अश्वनी कुमार बत्रा ने बताया कि मार्च-2025 के लिए जिले में गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए काउंसिल ने अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। जो कि गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय आरोपी को कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि लीगल एड के उप काउंसलर साबर अली चौहान को पुलिस स्टेशन हुड्डा के सेक्टर-17 व बुड़यि के लिए। असिस्टेंट एलएडीसी निखिल शर्मा को पुलिस स्टेशन सिटी यमुनानगर, महिला थाना व साइबर पुलिस स्टेशन, सिटी जगाधरी, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक कुमार पुलिस स्टेशन जीआरपी,आरपीएफ , सदर यमुनानगर, जठलाना व सदर जगाधरी, अस्टिंट एलएडीसी मुक्तेश सालवान पुलिस स्टेशन गांधी नगर, फरकपुर व रादौर तथा अतिरिक्त एलएडीसी वीरेंद्र कुमार को थाना छप्पर के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एलएडीसी समय समय पर पुलिस स्टेशनों का दौरा करेगें व किसी भी पुलिस स्टेशन में जाकर या टेलीफोन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को कानूनी सहायता उपलब्ध करवा सकते हैं।

## निगम कर्मचारियों की टीम लोगों को कर रही जागरूक

# फीडबैक में प्रदेश में दूसरे स्थान पर यमुनानगर

- **निगम की टीम ने स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं को दी सिटीजन फीडबैक फार्म भरने की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वश्रेष्ठ रैकिंग के लिए नगर निगम की टीम ने शहर के संतपुरा स्थित कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं को सिटीजन फीडबैक फार्म भरने की जानकारी दी।

इस दौरान नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को सिटीजन फीडबैक देने के लिए जागरुक किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव के मार्ग दर्शन में अभियान चलाया गया। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव के मार्ग दर्शन में निगम की टीम ने सुबह के वक्त संतपुरा स्थित कन्या महाविद्यालय में पहुंचकर स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं को स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए सिटीजन फीडबैक फार्म भरने की जानकारी दी। टीम ने लोगों को सिटीजन फीडबैक देने के लिए जागरूक किया।



**यमुनानगर।** संतपुरा स्थित कन्या महाविद्यालय में स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं को सिटीजन फीडबैक फार्म भरने की जानकारी देते हुए निगम की टीम के सदस्य।

### गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया

इस दौरान टीम के सदस्यों ने लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। टीम में शामिल कविता, बबली और बबिता ने लोगों को अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक देने की अपील की। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि कहीं पर गंदगी दिखाई देती है तो उसके आसपास के लोगों को खुले में गंदगी न फैलाने के लिए जागरुक करें। घर का कचरा गीला और सूखा अलग करके नगर निगम की गाड़ियों में डालें। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की साइट पर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपनी सकारात्मक फीडबैक देने के लिए आहवान किया।

## 32 वार्डों के 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 12 मार्च को, प्रशासन ने ली राहत की सांस

# जिले में 51.4 फीसदी मतदान, ईवीएम में कैद प्रत्याशियों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निकाय चुनाव में मतदान के बाद अब प्रत्याशियों और मतदाताओं की निगाहें परिणाम पर टिक गई है। प्रत्याशियों का जो भाग्य ईवीएम मशीनों में कैद है, उस पर से 12 मार्च को पर्दा उठेगा। यही कारण है कि सभी को 12 मार्च का बेसब्री से इंतजार है। कुरुक्षेत्र में इस बार 51.4 प्रतिशत मतदान हुआ है। युवा मतदान को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। उधर राजनीतिक विश्लेषक अपने स्तर पर परिणाम का अनुमान लगाने में जुए गए है। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ तो प्रशासन ने राहत की सांस ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि रविार को जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। प्रधान पद के 5 और 32 वार्डों के 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 12 मार्च को होगा।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध

मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कई मतदान केंद्र पर प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा भी थी। कई केंद्रों पर प्रारंभिक चरण में मतदान करने आने वालों का फूल व मालाओं से स्वागत किया गया।





कुरुक्षेत्र। बूथों का निरीक्षण करते हुए पुलिस पर्यवेक्षक आईपीएस भारती डबास व लाइन में खड़े मतदाता व उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए 89 वर्षीय दर्शना देवी।

### चार बजे के बाद लगी रही भीड़

कई बूथों पर वोटरों की भीड़ सुबह से शाम तक कम ज्यादा होती रही, लेकिन सुबह 7 से 11 बजे तक व शाम 4 से 6 बजे के बीच अधिकांश सभी बूथों पर मतदाताओं की भीड़ लग गई। इसके चलते लोगों को मतदान के लिए इंतजार भी करना पडा। कई क्षेत्रो में मतदान बढ़ाने के लिए एक दूसरों को घर-घर से बुलाकर लाते देखे गए।

### कड़े पहरे में स्ट्रांग रूम, 12 को खुलेंगे ताले

स्ट्रांग रूम में कड़े पहरे के अंदर ईवीएम को रख दिया गया है। ईवीएम के ताले अब मतगणना के दिन 12 मार्च को खुलेंगे। अग्रसेन स्कूल में स्ट्रांग रुमों पर दो स्तर की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है जिसमे हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा जिला पुलिस शामिल है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से निगरानी भी की जाएगी।

### 1,48,221 मतदाताओं में से 76,197 ने डाली वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रशासन ने कुरुक्षेत्र नगर निकाय चुनाव में नगर परिषद थानेसर के 30 वार्डों में कुल 137681 मतदाताओं के लिए 101 बूथ व इस्माइलाबाद में 10540 मतदाताओं के लिए 13 बूथ बनाए गए थे। कुरुक्षेत्र में कुल 148221 मतदाताओं में से 76197 मतदाताओं ने मतदान किया जोकि 51.4 प्रतिशत रहा। थानेसर में 69356 मतदाताओं ने मतदान किया जोकि 50.4 प्रतिशत रहा। इस्माईलाबाद में 6841 मतदाताओं ने मतदान किया जोकि 64.9 प्रतिशत रहा।



कुरुक्षेत्र। अग्रसेन स्कूल में पोलिंग पार्टियां ईवीएम जमा करवाते हुए।

### जनप्रतिनिधियों ने डाले वोट

आम जनता के साथ मतदान में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी सहभागिता की। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा व उनकी पत्नी नगर परिषद थानेसर की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने रतगल के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में मतदान किया। वही थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने गीता कन्या विद्यालय में बने बूथ पर मतदान किया।

## मतदान को लेकर दिव्यांगों और वृद्धों में दिखा उत्साह, सुबह से लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निकाय चुनाव में रविवार को मतदाताओं ने प्रत्याशियों के भाग्य का बटन दबाकर उनकी किस्मत को मशीन में बंद कर दिया। जिले में -- प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। लोगों में मतदान के लिए उत्साह देखा गया। जिसके चलते सुबह के समय कतारें लगीं। हालांकि दोपहर में सन्नाटे की स्थिति बनी। मतदान का प्रतिशत जिस गति से बढ़ा, पारा भी उसी गति से चढ़ा। सुबह के पहले दो घंटे में औसत 12 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि बाद के दो घंटे में करीब 27 प्रतिशत मतदान बढ़ा। लेकिन सुबह 7 से दोपहर 1 बजे के बीच सर्वाधिक तेज गति से मतदान हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। मतदान को लेकर दिव्यांगों और वृद्धों में उत्साह दिखाई दिया। कोई बैसाखी के सहारे तो कोई व्हील चेयर और अपने परिजनों के साथ मतदान करने के लिए केंद्र पर पहुंचा। मतदाताओं ने बताया कि उन्हें घर से मतदान की सुविधा थी, स्वयं केंद्र पर जाकर मतदान करना चाहते थे। इस वजह से मतदान के लिए आए हैं।




कुरुक्षेत्र। वोट डालने के बाद उंगल पर स्याही का निशान दिखाता मतदाता।

### भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने परिवार सहित किया मतदान



कुरुक्षेत्र। नगर निकाय थानेसर कुरुक्षेत्र के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरज भान कटारिया ने भी प्रातः सपरिवार मतदान किया। इस अवसर पर कटारिया ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है जोकि डॉ.अंबेडकर के संविधान की बदौलत हमें रोस्टर प्रणाली से पहली बार तीन दशकों के बाद अनुसूचित जाति वर्ग की महिला को अध्यक्ष चुने का अवसर मिल रहा है।

## शहर की सरकार चुनने में उत्साह से लबरेज दिखे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस बार निकाय चुनाव में पहली बार मतदान करने आए युवाओं में गजब का उत्साह एवं शहर की सरकार को बनाने में जोश दिखा। युवा निकाय चुनाव में मतदान को लेकर उत्साह से लबरेज थे। दिन निकलने के साथ ही लोगों ने मतदान केंद्रों का रुख कर दिया। मतदान को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मौसम ठीक-ठाक रहने के कारण युवा मतदाताओं का उत्साह और बढ़ा दिखा। जब मतदान शुरू हुआ तब बूथों पर 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवक- युवती अपना मत देने के लिए जोश में दिखे। पहली बार वोट डालने वाले युवक चुनाव को लेकर अधिक उत्साहित दिखे। इनके अलावा 20 से 30 व 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता भी वोटिंग के प्रति पूरी तरह से सतर्क नजर आए। युवा मतदाताओं के उत्साह के कारण ही मतदान का प्रतिशत आगे बढ़ता रहा, बूथों पर दिनभर मतदाताओं की लाइन लगी रही।

### मतदान कर हुई खुशी : राघव वर्मा



राघव वर्मा ने कहा कि मतदान कर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व हो रहा है कि मैंने भी मतदान किया। सही पार्षद चुनने के लिए हमारे पास मतदान ही एक तरीका होता है। मतदान लोकतंत्र के मजबूती के लिए किया। सभी को राष्ट्रीयहित में मतदान अवश्य करना चाहिए। ऐसा नही सोचना चाहए कि हमारे एक वोट से क्या होगा।

### लोकतंत्र मजबूत होता : राजेश



राजेश ने कहा कि आज मतदान कर अपने आप को भारत का संपूर्ण नागरिक होने का गर्व महसूस कर रहा हूं। वोट देकर भारत के विकास में मैंने सहभागिता प्रदान की। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। हमारा वोट बहुमूल्य है। इसके इस्तेमाल से सही और योग्य प्रत्याशी का चयन होता है। मतदाता की वोट की ताकत से पांच साल का भविष्य तय होता है।

### सजग हुए युवा : सत्येंद्र




सत्येंद्र ने कहा कि हर चुनाव में एक-एक वोट बहुमूल्य होता है। चाहे व विधानसभा हो लोकसभा हो या नगर निकाय। पहली बार अपना वोट देकर मैं अपने कर्तव्यों के प्रति सजग महसूस कर रही हूं। यदि जनता इसी तरह सजगता से सही पार्षद का चुनाव करेंगे तो पांच साल तक पछताना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदान लोकतंत्र के मजबूती के लिए किया। वोट डालने के बाद ही बहुत खुशी का अहसास हुआ।

## मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर ली फोटो , खुशी की जाहिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चुनाव में युवा मतदाताओं का उत्साह देखने लायक रहा। पहली बार बूथों पर मतदान करने पहुंचे युवाओं ने सेल्फी ली और इंटरनेट मीडिया पर फोटो के साथ खुशी जाहिर की। चुनाव में मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर सख्त पाबंदी थी। वोट डालने के लिए मतदाताओं के मोबाइल स्कूटी या गाड़ी में रखवा दिए गए। वोट डालकर निकले युवा मतदाताओं ने मतदान केंद्र के बाहर उंगली पर निशान दिखाते हुए अपनी एवं अपने परिजनों के साथ फोटो खींचे। वही उनमें सेल्फी का काफी क्रेज रहा। सेल्फी लेने में महिला एवं युवतियां भी आगे रही। मतदान केंद्र क बाहर युवतियों ने उंगली पर निशान दिखाते हुए सेल्फी ली। उन्होंने यह फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किए। सिमरन ने कहा कि पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है। इसदिन का काफी इंतजार था। सुबह जल्दी उठ गए और तैयार होकर मतदान करने बूथ पर पहुंचे। हमने बेहतर काम करने वाली सरकार को चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग किया। सुनीता ने कहा कि पहली बार मतदान करने का मौका मिला। मतदान कैसे किया जाता है, इसको जानने के लिए काफी उत्सुकता थी। परिवार के साथ बूथ पर पहुंची। कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने का इंतजार करने लगी। बारी आने पर मतदान किया। बाद में बूथ से बाहर निकलने के बाद इस पल को यादगार बनाने के लिए सेल्फी ली। विशाल सिंगला ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पहली बार में मतदान का अवसर मिला है। सुबह ही मतदान करने के लिए बूथ पर पहुंच गए थे।






कुरुक्षेत्र। सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाते मतदाता।

### नवयुग स्कूल में लगा सेल्फी पॉइंट रहा आकर्षण का केंद्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में नगर परिषद चुनाव के लिए बने मतदान केंद्र पर लगा सेल्फी पॉइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मतदान करने वाले प्रत्येक मतदाता ने इस सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली। यह सेल्फी पॉइंट विशेष रूप से मतदाताओं के लिए ही लगाया गया था ताकि वे आज के अनुभव को यादगार बना सकें। इस अवसर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ रणबीर कौर एवं सीमा ने बताया कि सभी मतदाताओं ने सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली और इस सेल्फी पॉइंट की प्रशंसा की और विद्यालय की प्रबंधक कमेटी के द्वारा की गई इस व्यवस्था के लिए धन्यवाद भी दिया।



कुरुक्षेत्र। भाजपा प्रत्याशी माफी ढांडा और उनके पति मलकीत ढांडा।



कुरुक्षेत्र। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स व उनकी माता स्याही दिखाते हुए।



कुरुक्षेत्र। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा व उनकी पत्नी नगर परिषद थानेसर की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने बूथ नंबर 51 में मतदान किया। 2केयूके22

### नहीं रूका बूथों पर लंबी लाइनों का सिलसिला



कुरुक्षेत्र। निकाय चुनाव के यज्ञ में आहुति डालने के लिए मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। सुबह से ही बूथों पर कतार लगी तो फिर यह क्रम नहीं टूटा। मतदाताओं में मतदान करने को लेकर गजब का उत्साह था। तभी तो सुबह सात बजे के पहले ही अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की कतार लग गई थी। लोग जल्द से जल्द मतदान शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। कुछ लोगों ने तो यह ठान ली थी कि पहला वोट वह ही डालेंगे। इसलिए वे छह बजे ही बूथ पर पहुंच गए थे। जिस भी बूथ पर नजर गई, हर जगह महिलाओं व पुरुषों की लंबी कतार लगी दिखी।

### मतदान के दौरान मुस्तैद रहे पुलिस के जवान



कुरुक्षेत्र। जिला कुरूक्षेत्र में निकाय चुनाव-25 का मतदान रविवार को सुरक्षा व्यवस्था के साथ शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिला में मतदान के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा। रविवार को मतदान के दौरान पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मतदान के दौरान सुरक्षा की कमान खुद पुलिस अधीक्षक ने सम्भाली। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मतदान के दौरान मतदान बूथों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया था। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में जिला में दिनभर मतदान शांतिपूर्ण चला। चुनाव की वोटिंग के पश्चात पोलिंग मशीनों को स्ट्रांग रुम में रखा गया है। पुलिस द्वारा स्ट्रांग रुमों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। इन स्ट्रांग रुमों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर दिया गया है। स्ट्रांग रुमों पर दो स्तर की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है जिसमे हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा जिला पुलिस शामिल है।

## छोटी सरकार बनाने के लिए महिला मतदाता भी आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निकाय चुनाव में मतदान को लेकर हर वर्ग में उत्साह दिखाई दिया। महिलाएं टोलियां बनाकर मतदान करने के लिए बूथों पर पहुंची। कई बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार नजर आई। महिला मतदाताओं ने अंगुली पर लगे निशान को दिखाते हुए कहा कि शहर की सरकार बनाने के लिए हमने भी वोट डाला। नाथ मंदिर राजकीय उच्च कन्या विद्यालय में बने वार्ड नंबर 19 के मतदान केंद्र पर महिलाओं की लंबी कतार दिखाई दी। यहां महिलाओं में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। महिला शिल्पी, सुमन व रजनी ने बताया कि हमने अपने मत का उपयोग किया है। मतदान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करता है। इसलिए सभी को मतदान करना चाहिए। अपने अंगुली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए कहा कि लोकतंत्र इसी से मजबूत होता है। वहीं सोनिया, निशा ने कहा कि वोट डालकर बहुत खुशी हो रही है। काफी अच्छा लग रहा है। विकास की सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट दिया है। वहीं 65 वर्षीय बुजुर्ग कृष्णा देवी को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए। गेट के अंदर जाते ही जिला प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था नजर आई, वहां पर व्हील चेयर रखी हुई थी, जिस पर बैठाकर कृष्णा देवी को मतदान केंद्र तक ले जाया गया।



कुरुक्षेत्र। मतदान के बाद उंगली पर स्याही दिखाती महिलाएं।



कुरुक्षेत्र। मतदान के लिए लाइन में खड़ी महिला मतदाता।



कुरुक्षेत्र। प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्ग एवं प्रेरणा संस्था के सदस्य।

### भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को किया याद

कुरुक्षेत्र। देशभर में ख्याति प्राप्त कर चुके प्रेरणा वृद्धाश्रम में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों ने भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण किया एवं श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय दे रहे प्रेरणा वृद्धाश्रम में समय समय पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ऐसे मौके पर बुजुर्गों द्वारा भी उत्साह के साथ अपने विचार व अनुभव सांझा किए जाते हैं। आयोजित कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि सरोजिनी नायडू बचपन से ही अति प्रतिभाशाली थी और 12 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने मैट्रिक पास कर ली थी। इसके बाद लंदन जाकर उन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और केवल मात्र पढ़ने में ही सर्वश्रेष्ठ नहीं रही बल्कि कविताएं लिखने में भी उनका कोई सानी नहीं था। वह देश प्रेम पर और प्रकृति प्रेम पर अपनी कविताएं लिखा करती थीं। डा. सिंगला ने कहा कि उनकी योग्यता के कारण उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस अधिवेशन जो कानपुर में हुआ था उसकी उन्हें अध्यक्ष बनाया गया था। महात्मा गांधी के संपर्क में आने के बाद उन्होंने आजादी की लड़ाई में खुलकर भाग लिया। कई बार जेल भी गई लेकिन अंग्रेजी सरकार उनको तोड़ नहीं पाई और वह देश प्रेम के लिए अपनी कलम को अनवरत चलाती रही।

**कार्यक्रम** भारतीय योग संस्थान ने यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर्स को शिविर में करवाया योगाभ्यास

सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन सूक्ष्म क्रियाएं, सरल योगासन प्राणायाम करवाया

# हम भोजन प्रतिदिन करते हैं तो हमें योगा भी प्रतिदिन करना चाहिए : गुलशन ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह, आई ए एस के सुयोग्य मार्गदर्शन, जिला रेड क्रॉस सचिव डॉ सुनील कुमार के कुशल निर्देशन एवं जिला रेड क्रॉस की प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप के सुंदर प्रबंध नियोजन में जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र द्वारा श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर में 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों व उनके काउंसलर्स को भारतीय योग संस्थान ने प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया।



कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान के सौजन्य से स्काईट में योगाभ्यास करते यूथ रेड क्रॉस के वॉलंटियर्स।

शिविर के प्रथम दिन संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्रतिभागियों को योग का अर्थ, महत्व तथा योग और व्यायाम में अंतर बताते हुए कहा कि हम प्रतिदिन भोजन करते हैं इसलिए हमें योग भी प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय योग संस्थान साल में पूरे 365 दिन अपने सभी निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर प्रातः व सायं निशुल्क योग साधना करवाता है। भारतीय योग संस्थान के साधक दीपावली व होली जैसे त्योहारों पर भी योग साधना करने केंद्रों पर आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय योग संस्थान 1967 से आज तक निःशुल्क योग साधना करवा रहा है। संस्थान किसी भी साधक से किसी प्रकार का शुल्क या दान राशि स्वीकार नहीं करता। न ही किसी केंद्र या राज्य सरकार अथवा किसी कंपनी या संस्था इत्यादि से से कोई अनुदान राशि स्वीकार करता है। संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल ने अपने जीवन में उपहार स्वरूप कभी फूल माला तक भी गले में नहीं डलवाई। भारतीय योग संस्थान योग के प्रचार प्रसार के ईश्वरीय कार्य के लिए स्थापित एक पवित्र संस्थान है। शिविर के सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन सूक्ष्म क्रियाएं, सरल योगासन प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया गया। शिविर के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को मौन साधना का अभ्यास भी करवाया गया। महिला पतंजलि योग समिति की हरियाणा सोशल मीडिया प्रभारी बहिन निरुपमा भट्टी ने भी इस ईश्वरीय कार्य में सहयोग किया। यूथ रेड क्रॉस के इस प्रशिक्षण शिविर में आठ महाविद्यालयों - राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल, दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र, भगवान परशुराम महाविद्यालय कुरुक्षेत्र, डी ए वी कॉलेज पेहवा, आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद, स्काईट कुरुक्षेत्र, आई आई एच एस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा यू टी डी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों व उनके काउंसलर्स ने भाग ले कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।







निकाय चुनाव में मतदान के दौरान मतदाताओं का उत्साह का दृश्य।

## 43 फीसदी रहा कुल मतदान, सबसे कम मेयर चुनाव में 32 फीसदी लोगों ने डाले वोट

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में भी मतदाताओं का उत्साह कमजोर नजर आया

# मेयर उपचुनाव में मतदाताओं ने नहीं दिखाई दिलचस्पी, 32 फीसदी वोटिंग से पार्टी नेताओं में टेंशन, नपा बराड़ा चुनाव में बंपर वोटिंग

### अनिल विज-बोले निकाय चुनाव में बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कुछेक घटनाओं को छोड़कर निकाय चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण हो गया। बराड़ा व अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव को छोड़ दिया जाए तो इस बार मेयर उपचुनाव में मतदाताओं ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। पूरे दिन बूथों पर बैठे पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं का इंतजार करते रहे। शाम छह बजे 32 फीसदी मतदाताओं ने ही नया मेयर सुनने के लिए मतदान किया। घटे मतदान को लेकर कोई भी दल सटीक विश्लेषण नहीं कर पा रहा है। हालांकि कम मतदान की वजह से सबसे ज्यादा खामोशी सत्ताधारी दल भाजपा में है। अन्य दलों में भी परेशानी दिखाई पड़ी। अंबाला शहर के नगर निगम के मेयर उपचुनाव में मतदाताओं ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां मतदान प्रतिशत केवल 32 फीसदी रहा। अंबाला शहर नगर निगम में 1.93 लाख मतदाताओं में से केवल 61801 ने ही मतदान किया। इसी तरह अंबाला छावनी सदर नगर परिषद में भी मतदान 52.3 फीसदी रहा। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1.78 लाख थी। इनमें से केवल 93262 मतदाता ही मतदान करने पहुंचे। बराड़ा नगर पालिका में मतदान के दौरान मतदाताओं ने उत्साह दिखाया। यहां 19481 में से 13146 ने मतदान किया। निकाय चुनाव के लिए तीनों जगह 367 बूथ बनाए गए थे। यहां निकाय चुनाव में कुल मतदान 43 फीसदी रहा। यहा कुल 3.91 लाख मतदाताओं में से 1.68 लाख ने ही मतदान किया।



अंबाला। परिवार के साथ मतदान कर वापिस आते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

#### मेयर चुनाव के लिए सबसे कम मतदान

अंबाला में मेयर पद के उपचुनाव के लिए 6:00 बजे तक 191 बूथों पर 29.9% अंबाला छावनी में परिषद चुनाव में 156 बूथों पर 52.3% तथा बरारा नगर पालिका के लिए 20 बूथों पर 67.3 प्रतिशत मतदान हो चुका हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से मतदात के अधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं किए गए हैं।

#### आदेश के बावजूद खुले बाजार

चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सभी दुकानदारों से अपनी दुकानें बंद रखनेक आग्रह किया था। इसके बावजूद दोपहर दो बजे अंबाला छावनी के कई बाजार खुल गए। बाजार खुलने की खबरें वायरल होने के बाद अधिकारी हरकत में आए। शाम चार बजे प्रशासन की ओ से बाजार फिर बंद करवा दिए गए। एसडीएम विनेश कुमार के अनुसार बाजार को बंद रखने के लिए आदेश जारी किए गए थे।

#### सुबह धीमा शाम को तेज हुआ मतदान

नगर निकाय चुनाव में सुबह के समय लोगों की केंद्रों पर भीड़ कम दिखाई दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह अच्छा रुझान दिखा। अंबाला नगर निगम में सुबह साढ़े 11 बजे तक सिर्फ 6% ही मतदान हुआ। इसके बाद अंबाला सदर में 10.6%, बराड़ा नगर पालिका के लिए 15% मतदान हुआ। ओवरऑल 8.5% मतदान सुबह साढ़े 11 बजे तक दर्ज किया गया। अंबाला शहर, बराड़ा और नगर परिषद अंबाला सदर में कुल 391109 मतदाता हैं जिसमें से दोपहर 11 बजे तक 33409 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था।

**आजाद प्रत्याशी बैठा धरना पर**

अंबाला अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में मतदान के दौरान सलारहेड़ी स्थित बूथ पर कुछ लोगों ने पर्चियों पर भाजपा और प्रत्याशी के फोटो लगे होने का विरोध किया। इसकी वजह से आजाद प्रत्याशी ने तो मतदान केंद्र के बाहर धरना शुरू कर दिया। मामले की भनक लगते ही रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विनेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ही उन पर्चियों को हटवाया जिन पर पार्टी व उम्मीदवार का फोटो लगा हुआ था। विरोध कर रहे लोग शांत हुए।

#### कई बूथों पर नहीं मिली व्हीलचेयर

सदर नगर परिषद चुनाव में कई बूथों पर व्हीलचेयर नहीं मिली। इसी वजह से दिव्यांग व बीमार मतदाता बेहद परेशान रहे। वार्ड नंबर 31 स्थित मतदान केंद्र में दिव्यांग को व्हीलचेयर नहीं मिली। दो घंटे बाद व्हीलचेयर नजर आने लगी। वार्ड नंबर 29 के बूथ पर वोट डालने 100 वर्षीय बुजुर्ग महिला चंचल देवी पहुंची। 104 साल की शंकुतला देवी बीमार होने के बावजूद स्ट्रेचर पर मतदान करने पहुंची। मेयर उपचुनाव के साथ इस बार अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में भी मतदाता पर्चियां घरों तक नहीं पहुंचीं। न तो बीएलओ की ओर से यह काम हुआ न ही भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस बार घर-घर पर्चियां बांटने का काम किया।इसी वजह से लोग मतदान से दूर रहे।

#### बुलेट बाइक जब्त

अंबाला कैंट के बूथ 118,119,120 के बाहर एक युवक बुलेट पर साइलेंसर से पटाखे छोड़ रहा था। पुलिस ने मौके पर देखकर बुलेट को अपने कब्जे में ले लिया। बुलेट चालक पटाखे चलाकर अव्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने जब्त बुलेट का चालन किया है। हालांक चालक ने का्रवाई से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर-9 स्थित ओपीएस विद्या मन्दिर स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। यहां पर सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम भी देखा व अन्य व्यवस्था बारे रिटर्निंग अधिकारी से जानकारी हासिल की।




अंबाला। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमीशा चावला समर्थकों के साथ व मतदान के बाद ईवीएम जमा करवाते ड्यूटी अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### बनने जा रही ट्रिपल इंजन सरकार: विज

अंबाला। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। लोग भली-भांति जानते हैं कि यदि तीनों इंजनों की दिशा एक ही तरफ होगी तो वह इंजन बहुत तेजी से चलेंगे लेकिन दो इंजन एक तरफ और एक इंजन का मुंह दूसरी तरफ होगा तो वह आपस में टकराते रहेंगे। इस प्रकार से आगे बढ़ना मुश्किल है। इसलिए लोग जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र और प्रदेश में है और यदि नगर निकाय में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार आती है तो विकास तेज गति से होगा। उन्होंने कहा कि यह विकास बिना रोक-टोक के और बिना किसी रूकावट के होगा और यदि कहीं पर भी किसी ने गलती कर दी तो विकास का पहिया वही अटका रहेगा तथा एक इंच भी आगे नहीं जाएगा। विज ने नगर परिषद अंबाला छावनी चुनाव के छावनी के शास्त्री कॉलोनी स्थित 110 नंबर बूथ पर परिवार सहित मतदान के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि /"सभी मतदाताओं को प्रजातंत्र के सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने घरों से, मकान से, दुकान से निकलकर कुछ समय इस पर्व के लिए बिताना चाहिए और अपना मतदान कर वोट डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अंबाला छावनी में पूर्ण विजय होगी।



अंबाला। मतदान के दौरान मतदाताओं का उत्साह का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

#### निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर व रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने निकाय चुनाव को लेकन कई मतदान केंद्रों क मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान मतदान की पूरी जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सबसे पहले सेक्टर- 9 स्थित राजकीय मॉडल प्राइमरी स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें उपस्थित स्टॉफ से यहां पर मतदान प्रक्रिया सम्बधिंत किए जा रहें कार्यो के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीयू (कंट्रोल यूनिट) के माध्यम से डाली गई वोटों का आंकलन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर-8 स्थित राजकीय प्राईमरी मिडल स्कूल मे स्थापित मतदान केंद्र में जाकर वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी ली।

#### खबर संक्षेप

##### बजट सत्र को लेकर हम तैयार: अनिल विज

अंबाला। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बजट सत्र को लेकर कहा कि हमारी पार्टी और सरकार हर समय तैयार है। हमारे पास बताने के लिए बहुत कुछ है। अफसोस है कि विपक्ष के पास पूछने के लिए मुद्दा नहीं है। इनकी आपसी लड़ाई चल रही है। अभी तक यह विधायक दल का नेता तय नहीं कर सके हैं। प्रजातंत्र में दोनों पक्षों की भूमिका आवश्यक है।

##### देसी पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी हरमन सिंह को देसी पिस्टल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपी हरमन सिंह ने बतलाया कि यह अवैध हथियार व रौंद उसने सहारनपुर के रहने वाले राजबर्मन से खरीदा है। पुलिस ने आरोपी राजबर्मन को गिरफ्तार किया है।

## बराड़ा नगर पालिका चुनाव : सात चेयरमैन व 43 सदस्य पद के उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद, 67 प्रतिशत मतदान

बराड़ा। नगर पालिका चुनाव रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस चुनाव को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें नजर आईं। नगर पालिका चुनाव को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वोटिंग के लिए कुल 20 पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे, जहां मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढक़र भाग लिया। मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे तक जारी रही। राज्य चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकडों के अनुसार शाम 6 बजे तक 67 प्रतिशत मतदान पूरा हो चुका था। नपा की बात करें तो यहा पर पूरे जिले की तुलना में मतदान की गति सुबह से ही अधिक रही। सभी 20 बूथों की अगर बात करें तो यहां पर सुबह 10 बजे तक 14. 6 प्रतिशत वोट पड़ चुके थे। दोपहर 12 बजे तक यह संख्या 30 प्रतिशत हो गई थी। दोपहर दो बजे तक 19,479 मतदाताओं में से 7052 मतदाता अपना वोट डाल चुके थे। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक 62.5 प्रतिशत वोट पोल हो चुकी थी। शाम 06:15 बजे तक कुल 19,479 मतदाताओं में से 13113 मतदाता वोट डाल चुके थे और बाकी मतदाता अभी भी वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र के अंदर थे। बता दें कि बराड़ा में कुल 19,479 मतदाता हैं, जिनमें 10,110 पुरुष और 9,369 महिलाएं शामिल हैं। उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में बंद नगरपालिका चेयरमैन पद के लिए कुल 7 प्रत्याशी मैदान में है जिनमें डॉ. कुलदीप शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, बलजीत सिंह, रीटा रानी, दविंद्र कुमार, रजत मलिक व भाजपा प्रत्याशी हरजिंदर सिंह शामिल है। इसके अलावा सदस्य पद के लिए 43 प्रत्याशी आमने-सामने है, इनमें वार्ड नम्बर 1 से अभिषेक, सुरेंद्र सिंह, पवन कुमार, लखविंद्र कुमार, वार्ड नंबर 2 से अमित कुमार , पवन कुमार, सोहन लाल, वार्ड नंबर 3 से रजनी धीमान, दिव्या कपूर, अर्पणा, वार्ड नंबर 4 से प्रवेश कुमार, साहब सिंह, जगजीत सिंह, वार्ड नम्बर 5 से मीना कुमारी, अर्चना देवी, वार्ड नंबर 6 से दविंद्र कुमार, शमशेर सिंह, हरजीत सिंह, वार्ड नंबर 7 से रीना कुमारी, राजकली, प्रिंयका रानी, वार्ड नंबर 8 से नरिन्द्र कौर , हरभजन सिंह, नरिंद्र कौर, वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर, शाहना, वार्ड नंबर 10 से दिग्विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, वार्ड नंबर 11 से विजय सिंह, मनीषा, ओमवीर, वार्ड नंबर 12 से अनिता यादव, दीपा सैनी, वार्ड नंबर 13 से साहिल चावला, निखिल जिंदल, वार्ड नबर 14 से संदीप कोहरा, अजय कुमार, राजेश कुमार, वार्ड नंबर 15 से सुरेश कुमार, विजय कुमार, वार्ड नंबर 16 से गुरजिंद्र कौर, अनु का भविष्य ईवीएम में बंद हो चुका है।




बराड़ा। मतदान केन्द्र में व्यवस्था को संभालते हुए डीएसपी व वोट डालने के लिए दिव्यांग व्यक्ति को ले जाते हुए परिजन।

#### सुबह से ही उमड़ी भीड़

यहां मतदान के प्रति लोगों में काफी जोश देखने को मिला। सुबह होते ही मतदाता मतदान केंद्रों की ओर निकल पड़े। महिलाओं में भी मतदान को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। महिला मतदाता कुलविंद्र कौर ने बताया कि वह सुबह-सुबह ही मतदान करने इसलिए आ गईं है, ताकि दिन में भीड़ के कारण होने वाली असुविधा से बचा जा सके। चुनाव आयोग की ओर से दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने की विशेष व्यवस्था की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे।

#### पोलिंग एंजेंट को लेकर हंगामा

बूथ नं 7 में पोलिंग एंजेट बदलने को लेकर उस समय हंगामा हो गया जब पता चला कि मतदान केंद्र के अंदर पोलिंग एंजेट बना व्यक्ति खुद भी चुनाव लड़ रहा है। पता चला कि अमुक व्यक्ति की पत्नी वार्ड नंबर 5 से सदस्य पद का चुनाव लड़ रही है लेकिन बूथ नंबर. 7 में उस महिला के पति को एंजेट बनाया गया था, यहां तक कि वह व्यक्ति खुद भी वार्ड नंबर 4 से सदस्य का चुनाव लड़ रहा है। इस पर दूसरे पक्ष ने आपति जताई। विरोध बढ़ता देख मौके पर एसडीएम व डीएसपी पहुंचे।




बराड़ा। मतदान केंद्र के बाहर लाइन में खड़े मतदाता व दौरा करते चुनाव अधिकारी।

## किसी से कुछ लेने की भावना न रखें

- ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय दयाल बाग की ओर से पुनर्निर्मित भवन का अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी द्वारा विधिवत उदघाटन किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने *नई सोच से नवयुग की ओर* टॉपिक पर अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि जिस प्रकार मंदिर में देवी का हाथ हमेशा दूसरों को देते हुए दिखाया गया है। उसी प्रकार हमें भी यह याद रखना है कि हम अपने घर के देवी समान सदा सबको ख़ुशी का वरदान देने वाले दीये हैं। हमें किसी से कुछ लेने की कामना नहीं रखनी। किसी से कुछ लेने की भावना रखना ही तनाव पैदा करता है और हमारी खुशी को ग़ायब करता है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको आशीर्वचन देते हुए कहा इस भवन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य जन जन को ईश्वरीय संदेश दे शांति व सद्गुणों की प्राप्ति कराना है। यहां ज्ञान व योग का कार्य चलेगा। इसके अलावा दीदी ने कहा जो भोजन परमात्मा की याद में बनता है उसको ही प्रसाद कहते हैं। जैसे मंदिर व गुरुद्वारे में भगवान के घर बना भोजन इसीलिए प्रसाद कहलाया जाता है।



अंबाला। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करती बीके बहनें। फोटो: हरिभूमि

### डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

## परीक्षाओं में नहीं होनी चाहिए लापरवाही: अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 27 फरवरी से 29 मार्च तक आयोजित की जा रही 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित व शांति पूर्ण तरीके से करवाना हैं। परीक्षा के दृष्टिगत जिन कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है वे पूरी सजगता के साथ परीक्षाओं का सफलता पूर्वक आयोजन करवाएं। उपायुक्त इन परीक्षाओं के दृष्टिगत रविवार को अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव ने भी वीसी के माध्यम से उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों से परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों एवं कार्यो बारे भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त ने परीक्षाओं को लेकर बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर धारा-163 लागू कर दी गई है। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरें में अनाधिकृत व्यक्ति व मोबाईल ले जाने पर प्रतिबंध हैं। इसके साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकानें 27 फरवरी से 29 मार्च तक परीक्षा के दिनों में 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखी जाने बारे भी आदेश जारी किए हुए हैं।




अंबाला। मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 10वीं व 12वीं की जो परीक्षाएं हो रही है वह नकलरहित व पारदर्शी तरीके हो इसको ध्यान में रखते हुए सभी पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा के दिनों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी करें। परीक्षा के तहत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। इसीलिए परीक्षा के दृष्टिगत जिनको भी जिम्मेवारी सौंपी गई है वे अपनी ड्यूटी को सजगता के साथ करते हुए परीक्षा को नकलरहित करवाएं। परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से करवाना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुरेश भौरिया, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसपी विजय कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया मौजूद रहे।